# भोपाल के नेशनल अस्पताल में विश्व की आधुनिक कैथ लैब का उद्घाटन

## चर्चा में क्यों?

16 जनवरी, 2022 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के नेशनल अस्पताल में विश्व की आधुनिक और मध्य भारत की पहली आधुनिक कैथ लैब का उद्घाटन किया।

## प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने कहा कि नेशनल अस्पताल में हृदय रोगियों के लिये यह कैथ लेब शुरू की गई है, जिससे रोगी का एकदम सही उपचार हो सकेगा। नेशनल अस्पताल इस नई कैथ लैब के मार्फत मध्य भारत में अपने सेवा-भाव से नई पहचान स्थापित करेगा।
- उन्होंने कहा कि प्राइवेट अस्पतालों को सेवाभावी बनना चाहिये और व्यावसायिक मानसिकता से बचना चाहिये। समर्पण भाव से की गई रोगियों की सेवा से बड़ा कोई महान प्रतिफल हो ही नहीं सकता।
- मुख्यमंत्री ने प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों तक आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रसार के लिये बड़े चिकित्सा संस्थानों को आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं के लिये सुनियोजित पॉलिसी लाने पर विचार कर रही है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-modern-cath-lab-inaugurated-at-national-hospital-bhopal